# टीकमगढ़



नवभारत

भोपाल, बुधवार, 19 नवंबर 2025


▶ एक नजर में ◀

## जांच के वास्ते खाद्य सामग्री के लिए नमूने

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। खाद्य पदार्थों की निरंतर के नमूने जांच वास्ते लिये जा रहे हैं। साथ ही संग्रहित किये गये नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षणशाला प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

इसीक्रम में सीएमएचओ डॉ. पीके माहौर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष कुमार जैन द्वारा कुण्डेश्वर मंदिर परिसर स्थित नायक गिरीराज धरण प्रसाद भंडार से मिल्क केक हलवा, लोधी राजपूत मिष्ठान भंडार से मिल्क केक एवं तिरूपति बालाजी प्रसाद भंडार से कलाकंद के नमूने जांच वास्ते लिये गये। संग्रहित किये गये नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षणशाला प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। खाद्य पदार्थों की निरंतर के नमूने जांच वास्ते लिये जा रहे हैं। साथ ही संग्रहित किये गये नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षणशाला प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही होगी।

# कलेक्टर ने एसआईआर सर्वेक्षण के प्रगति की ली जानकारी

**लिधौरा तहसील की ग्राम पंचायत के रुपगंज गांव पहुंचे कलेक्टर**

**ग्रामीण मतदाताओं को पुनरीक्षण के कार्य से कराया अवगत**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने मंगलवार को जिले की लिधौरा तहसील की ग्राम पंचायत गोटेड के ग्राम रुपगंज में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान श्री श्रोत्रिय ने मतदाताओं तथा बीएलओ से एसआईआर कार्य की प्रक्रिया के बारे में चर्चा करते हुए सर्वेक्षण कार्य की प्रगति की आवश्यक जानकारी ली।**

नगर सहित जिले भर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर सर्वे का कार्य निरंतर जोरों पर जारी है। जिसको लेकर जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय रोजाना अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक लेकर इस कार्य के लिए उचित दिशा निर्देश दे रहे है। लोगों में भ्रम की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने मंगलवार को लिधौरा के ग्राम रुपगंज पहुंचकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदाताओं को एसआईआर सर्वे के कार्य से अवगत कराया। इस दौरान कलेक्टर ने बीएलओ से कहा कि आम जनता को सर्वेक्षण के दौरान कोई परेशानी न आए आप उनका सहयोग करें। दरअसल कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने एसआईआर सर्वे के कार्य को लेकर एक नई व्यवस्था बनाते हुए बीते रोज सभी बीएलओ को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए ताकि वार्ड के मतदाताओं की समस्याओं का समाधान किया जा सके। जिसके चलते इस नई व्यवस्था का निरीक्षण करने कलेक्टर श्रोत्रिय लिधौरा तहसील के ग्राम रुपगंज पहुंचे उन्होनें ग्रामीणों को बताया कि निर्वाचन आयोग के जारी निर्वाचक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर 2025 कार्यक्रम के तहत यह कार्य जरूरी है ।उन्होंने ईआरओ और एआरओ को अपने क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवाइजरों से लगातार संवाद करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रतिदिन की मॉनिटरिंग रिपोर्ट तैयार कर प्रगति की समीक्षा करने को कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि 2003 की मतदाता सूची में नाम न होने या पिता आदि की जानकारी अपूर्ण होने पर ही प्रमाणित करने के दस्तावेज मांगे जाएंगे। यह सर्वे और पुनरीक्षण कार्य 4 दिसंबर तक चलेगा ।इसके बाद 9 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी जिनकी जांच और निराकरण किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ने इसके अलावा ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

**सुपरवाइजर के कार्य की प्रतिदिन समीक्षा**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी निरीक्षण कर निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनिरीक्षण एसआईआर कार्य का अवलोकन करें। उन्होंने ईआरओ को प्रत्यक्ष में संपर्क कर समीक्षा करने और कार्य की प्रगति को बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ईआरओ को प्रत्येक बीएलओ एवं सुपरवाईजर के कार्य की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिये ।इसीक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री श्रोत्रिय के निर्देशों के परिपालन में अधिकारियों द्वारा एसआईआर कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली गई।

## सहकारिता उप आयुक्त पर निलंबन की कार्यवाही



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सहकारिता उप आयुक्त एसपी कौशिक जो हमेशा से विवादों से नाता रखते है आखिरकार उन पर अवर सचिव ने निलंबन की कार्यवाही को अंजाम दिया है। मध्य प्रदेश सहकारिता विभाग की अवर सचिव गायत्री पाराशर ने मंगलवार को निलंबित करने के संबंध में आदेश जारी कर दिया है।**

आदेश में सहकारिता उप आयुक्त एसपी कौशिक पर विधानसभा प्रश्नों की अनदेखी करने और वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देशों में लापरवाही बरतने के आरोप हैं। अवर सचिव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कौशिक ने वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों और निर्देशों की लगातार अवहेलना की है। आदेश के अनुसारए शासकीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गई। कई विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय-सीमा में प्रस्तुत करने जैसे महत्वपूर्ण विषय पर उदासीनता दिखाई गई। साथ ही जिला कार्यालय प्रमुख के रूप में निर्धारित पदीय दायित्वों के निष्पादन में भी रुचि नहीं ली गई। यह मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का घोर उल्लंघन माना गया है। इसके चलते, मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 के तहत एसपी कौशिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला सागर रहेगा और नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। एसपी कौशिक के निलंबन के बाद, टीकमगढ़ के उपायुक्त सहकारिता का अतिरिक्त प्रभार सागर के उप आयुक्त सीपीएस भदौरिया को उनके वर्तमान कार्यों के साथ आगामी आदेश तक सौंपा गया है।

# अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के नजरवाग परिसर में मंगलवार को अंतरराज्यीय स्वर्गीय नूर मोहम्मद फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ । कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार और कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू ने फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।**

यह टूर्नामेंट 18 से 23 नवंबर तक नजरबाग मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसमें कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैंए जिनमें 6 स्थानीय और 6 बाहरी जिलों की टीमें शामिल हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष गौरव शर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट का पहला मैच अरसद क्लब और टीकमगढ़ क्लब के बीच खेला गया ।उद्घाटन समारोह में विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने कहा कि यह टूर्नामेंट का 21वां संस्करण है। उन्होंने बताया कि पहले यह हर साल आयोजित होता था लेकिन कुछ वर्षों से इसका आयोजन बंद हो गया था। विधायक बुंदेला ने आयोजन समिति को टूर्नामेंट दोबारा शुरू करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय और बाहरी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 23 नवंबर को खेला जाएगा। इस अवसर पर सूर्य प्रकाश मिश्रा, संजय नायक, अंकित जैन, अंशुल जैन, जब्बार खान, अनीस खान, राजीव जैन उपस्थित रहे।

## नशामुक्ति कार्यक्रम का वर्चुअली प्रसारण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान एनएमबीए के पांच वर्ष पूर्ण होने पर अमतृसर पंजाब से वृहद नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का वेबलिंक के माध्यम से वर्चुअली प्रसारण किया गया।**

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग टीकमगढ़ के तत्वाधान में जिले में विभिन्न स्थानों पर अमतृसर पंजाब से वेबलिंक के माध्यम से वर्चुअली आयोजित नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, छात्र-छात्राओं की वर्चुअल रूप से सहभागिता की गई। भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान एनएमबी के पांच वर्ष पूर्ण होने पर अमतृसर पंजाब से वृहद नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का वेबलिंक के माध्यम से वर्चुअली प्रसारण किया गया।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग टीकमगढ़ के तत्वाधान में जिले में भी अमतृसर पंजाब से वेबलिंक के माध्यम से वर्चुअली आयोजित नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, छात्र-छात्राओं की वर्चुअल रूप से सहभागिता की गई।

## 1947 में बंट चुका देश, अब हिन्दू राष्ट्र की क्या जरुरत : मौर्य



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पूर्व मंत्री एवं शोषित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मोर्य अपनी यात्रा लेकर टीकमगढ़ पहुंचे जहां सर्किट हाउस के पास उनके समर्थकों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।**

सर्किट हाउस कार्यक्रम के संयोजक हृदेश कुशवाहा एवं संजू ने अपने-अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की स्वामी प्रसाद मोर्य से मुलाकात कर उनका परिचय दिया। इसके बाद स्वामी प्रसाद मोर्य ने मीडिया से रूबरू होते हुए भाजपा की सरकार को घेरने का काम किया है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा दलितों एवं पिछड़ों को सिर्फ वोट हथियाने के लिए हिन्दू मानती है। इसके बाद उनको दरकिनार कर दिया जाता है। इसके साथ ही स्वामी प्रसाद मोर्य ने एक बार फिर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम को भी घेरने का काम किया। उन्होंने कहा बाबा संविधान विरोधी यात्रा निकाल रहे हैं। उनको तो जेल की सलाखों के पीछे होना चाहिए क्योंकि यह ऐसी बयानबाजी करते हैं, जिससे राष्ट्र बटता है। उन्होंने कहा कि वह भाजपा के मंसूबे पर हिन्दू राष्ट्र की मांग कर रहे हैं। जब देश 1947 में बट चुका है तो अब इसकी क्या जरूरत आन पड़ी।

## ऑनलाइन आवेदनों की आज अंतिम तिथि

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजनाअंतर्गत वर्ष 2025 हेतु रिक्त 17 सीटों के लिये चयन हेतु पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिसके अनुसार ऑनलाईन आवेदनों की अंतिम तिथि 19 नवम्बर निर्धारित है।**

योजनांतर्गत आवेदन मध्यप्रदेश स्टेट स्कॉलरशित पोर्टल 2.0 पर यूआरएल के माध्यम से संशोधित विज्ञप्ति प्रकाशन 19 नवंबर तक अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये निगम की वेबाईट से प्राप्त की जा सकती है। पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजनाअंतर्गत वर्ष 2025 हेतु रिक्त 17 सीटों के लिये चयन हेतु पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिसके अनुसार ऑनलाईन आवेदनों की अंतिम तिथि 19 नवम्बर निर्धारित है।

# बान सुजारा से 183 गांव में पहुंचेगा सिंचाई का पानी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में रबी फसलों की सिंचाई के लिए बान सुजारा बांध से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। बांध प्रबंधन ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले की पांच तहसीलों के कुल 183 गांवों में किसानों को सिंचाई का पानी मिलेगा। जिससे किसान अपनी फसलों की सिंचाई कर सके ।**



बांध प्रबंधन के कार्यपालन यंत्री दीपेंद्र सिंह कुशवाह ने मंगलवार को बताया कि नहरों की सफाई का काम शुरू हो गया है। रबी वर्ष 2025.26 के लिए बान.सुजारा वृहद सिंचाई परियोजना से नहरों में पानी छोड़ दिया गया है। बांध के हेड सलूस से मुख्य नहर में पानी का प्रवाह शुरू हो चुका है। विभाग ने तय कार्यक्रम के अनुसार फ्लशिंग प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। प्रथम फ्लशिंग 15 से 20 नवंबर तक और द्वितीय फ्लशिंग 20 से 22 नवंबर तक की जाएगी। इसका उद्देश्य नहरों में जमा सिल्ट और अन्य अवरोधों को दूर करना है ।सिंचाई कार्यक्रम के तहत 22 नवंबर से बल्देवगढ़ और खरगापुर क्षेत्र के 24 गांवों में पानी पहुंचना प्रस्तावित है। इसके बाद 24 नवंबर से खरगापुर, बल्देवगढ़ और पलेरा के 40 गांवों में तथा जतारा और खरगापुर के 40 गांवों में पानी उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं 27 नवंबर से पलेराए जतारा और लिधौरा क्षेत्र के 79 गांवों में भी पानी पहुंचने की संभावना है। विभाग ने अनुमान जताया है कि 27 नवंबर तक परियोजना के कमांड क्षेत्र के कुल 183 गांवों में सिंचाई का पानी उपलब्ध हो जाएगा। रबी फसलों की सिंचाई के लिए बान सुजारा बांध से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। बांध प्रबंधन ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले की पांच तहसीलों के कुल 183 गांवों में किसानों को सिंचाई का पानी मिलेगा।

# कारी के लोगों ने अतिक्रमण को लेकर दिया ज्ञापन

**एसडीएम ने मौके पर ही निरीक्षण करने के दिए निर्देश**

**गौचर भूमि एवं मुक्ति धाम से कब्जा हटाने की मांग**



**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। नगर परिषद कारी के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए गोचर भूमि और मुक्तिधाम के रास्ते से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने अपनी समस्या को लेकर एसडीएम संस्कृति लिटोरिया को एक ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने ग्रामीणों की बात सुनी और मौके का निरीक्षण कराने के तुरंत निर्देश दिए।**

ज्ञापन में कारी निवासी प्रेमलाल कुशवाहा और ब्रजेश कुशवाहा ने बताया कि नगर परिषद कारी में गोचर भूमि और मुक्तिधाम के रास्ते पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। यह रास्ता सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज है और गोपालपुरा भाटा से होकर गुजरता है। अवैध कब्जे के कारण किसान और वार्डवासियों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। दिनरया यादव और लछिया अहिरवार के खेत के बगल से गुजरने वाला एक पगडंडी रास्ता भी बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वार्ड नंबर 7, 8, 9 और 10 के लिए नगर परिषद द्वारा निर्मित श्मशान और कॉम्प्लेक्स शौचालय पर भी भू-माफिया ने कब्जा कर गेहूं की फसल बो दी है। ग्रामीणों ने एसडीएम से तत्काल अवैध अतिक्रमण हटाने और पटवारी से मौके का निरीक्षण कराकर आम रास्ता खुलवाने की मांग की। एसडीएम ने तहसीलदार को मौके पर बुलाया और निरीक्षण के निर्देश देते हुए समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। नगर परिषद कारी के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए गोचर भूमि और मुक्तिधाम के रास्ते से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने अपनी समस्या को लेकर एसडीएम संस्कृति लिटोरिया को एक ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने ग्रामीणों की बात सुनी और मौके का निरीक्षण कराने के तुरंत निर्देश दिए। दरअसल जिलेभर में इस दिनों शासकीय जमीनों पर किए गए अतिक्रमण को लेकर प्रशासन मुस्तेद बना हुआ है। अब देखना यह है कि कारी नगर से आए लोगों द्वारा की गई अतिक्रमण की शिकायत पर प्रशासन कब तक कार्यवाही को अंजाम देता है। हालाकि एसडीएम ने इस मामले को गंभीरता से लिया है।

**प्रोत्साहित** ▶ **नवाचार की भावना को किया प्रोत्साहित**

# प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्र परीक्षा में शामिल

**नवभारत न्यूज पलेरा। जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार शासकीय हाई स्कूल पाली में हाल में आयोजित ओलंपियाड परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा में स्कूल के प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में तार्किक क्षमताए समस्या समाधान कौशल और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना था। ओलंपियाड परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में प्राथमिक स्तर के छात्रों ने और दूसरी पाली में माध्यमिक स्तर के छात्रों ने विभिन्न विषयों पर आधारित प्रश्नों को हल किया।**



परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गएए जिनमें विज्ञान और गणित जैसे विषयों के साथ-साथ तार्किक शक्ति के प्रश्न भी शामिल थे ।जन शिक्षा केंद्र प्रभारी सुनील कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि इस तरह की परीक्षाएं बच्चों के शैक्षणिक कौशल को निखारने और उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने में मदद करती हैं।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और शिक्षकों को परीक्षा के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। परीक्षा के दौरान उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई ताकि छात्र बिना किसी परेशानी के परीक्षा दे सकें। छात्रों ने भी इस परीक्षा में शामिल होकर नए विषयों को जानने और अपनी क्षमताओं का मूल्यांकन करने में गहरी रुचि दिखाई। परीक्षा के परिणाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे जिसके बाद मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन ने स्कूल के शैक्षिक वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार शासकीय हाई स्कूल पाली में हाल ही में आयोजित ओलंपियाड परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा में स्कूल के प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में तार्किक क्षमताए समस्या समाधान कौशल और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना था।

**इन कर्मचारियों का रहा सहयोग**

शासकीय हाई स्कूल पाली में हाल में आयोजित परीक्षा कार्यक्रम में प्राचार्य सुनील विश्वकर्मा, बीएसी नीरेंद्र खरे, सीएसी रईस खान, दाउद अली,संत राम विश्वकर्मा ,अनीता सिसौदिया,राजेश अहिरवार, विजेंद्र पटेरिया, प्रमोद अहिरवार, मुकेश विश्वकर्मा, उमा साहू, इमरान खान,भागेश्वरी अहिरवार, सचिन यादव, लखन साहू सहित शिक्षा विभाग के समस्त कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## शासकीय अधिकारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी टीकमगढ़ द्वारा बताया गया है कि आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा जारी निर्देशानुसार एसएनए-एसपीएआरएसएच के संबंध में 19 नवम्बर 2025 को ई-दक्ष केन्द्र कलेक्ट्रेट कार्यालय टीकमगढ़ समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।**

सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी निर्धारित तिथि तथा समय पर ई-दक्ष केन्द्र में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें ।वरिष्ठ कोषालय अधिकारी टीकमगढ़ द्वारा बताया गया है कि आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा जारी निर्देशानुसार एसएनए-एसपीएआरएसएच के संबंध में 19 नवम्बर को ई-दक्ष केन्द्र कलेक्ट्रेट कार्यालय टीकमगढ़ समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण चल रहा है।

# एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पुलिस प्रशासन को अधिक मानव-केंद्रित, सहानुभूतिपूर्ण और भरोसेमंद बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में संवेदनशील पुलिसिंग की एक नई दिशा विकसित की जा रही है। जिसके चलते जिले के सभी पुलिस थानों एवं चौकियों में मंगलवार को जनसुवाई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। एसपी ने लोगों की समस्याएं सुनी।**

आज की जनसुनवाई में संवाद, सहानुभूति और समाधान का प्रयास के तहत मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई शिविर में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों से शांत, धैर्यपूर्ण और आत्मीय बातचीत की। प्रत्येक समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना गया। कई शिकायतों का समाधान वहीं पर तत्परता से किया गया। जिन प्रकरणों पर विस्तृत जांच की आवश्यकता थी, उनमें निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई का भरोसा दिया गया।